खबर संक्षेप

रेत का अवैध परिवहन करते ट्रेक्टर जब्त

मण्डला। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर मण्डला के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरुद्ध सतत रूप से कार्यवाहियां की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में 20 दिसंबर को खनिज रेत के अवैध परिवहन, भण्डारण में संलिप्त एक वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 जी 0769 को ग्राम भपसा से हिरदेनगर मार्ग पर खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहन को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

8035 किसानों से 451748.57 क्विंटल धान उपार्जित

मण्डला। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान का समर्थन मूल्य 2183 रूपये शासन द्वारा निर्धारित है। जिले के 67 उपार्जन केन्द्रों के लिए धान खरीदी की अवधि 1 दिसंबर 2023 से 19 जनवरी 2024 तक शासन से निर्धारित की गई है। पंजीकृत 41811 किसानों में से 20589 किसानों ने धान विक्रय हेतु स्लॉट बुक कराया है। उपार्जन अवधि से 19 दिसंबर 2023 तक 8035 विक्रेता किसान से मात्र 451748.57 क्विंटल धान उपार्जित की गई है। उक्त अवधि में धान विक्रय करने वाले सभी किसानों से आग्रह है कि वे अपने नजदीकी उपार्जन केन्द्र में एफएक्यू धान की गुणवत्ता ले जाकर धान विक्रय करें। धान विक्रय करने के लिए पहले स्लॉट बुकिंग किया जाना अनिवार्य है। अपने नजदीकी उपार्जन केन्द्र से स्थल कोड की जानकारी के माध्यम से स्लॉट बुक किया जा सकता है। स्लॉट बुक करने के लिए वेबसाईट उचमनचंतरंदण्दपबण्पद में जाकर खरीफ 2023-24 में निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। स्लॉट बुक न होने पर एनपीसीआई पोर्टल पर बैंक खाता से आधार लिंक की जानकारी देख लें। आधार लिंक न होने पर संबंधित बैंक पर जाकर अपना आधार लिंक एक्टिव कराएं।

सुशासन की शपथ 22 दिसम्बर को

मण्डला। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 24 दिसम्बर 2023 को रविवार एवं 23 दिसम्बर 2023 को शनिवार का शासकीय अवकाश होने के कारण समस्त शासकीय अधिकारी, कर्मचारी अपने अपने कार्यालयों में 22 दिसंबर 2023 को प्रातः 11 बजे सुशासन की शपथ लेंगे।

करोड़ों की लागत से बन रहे महाविद्यालय में हो रही अनदेखी

मजदूरों की सुरक्षा के नहीं इंतजाम

*** मिट्टी युक्त रेत का किया जा रहा उपयोग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/मवई

मामला मण्डला जिले के आखिरी छोर में बसे वनांचल क्षेत्र मवई का है। जहां आय दिन गरीब मजदूरों के साथ कोई न कोई अप्रिय घटना हो रही है। जहा कम दाम में काम करने वाले गरीब मजदूरों का ठेकदारों द्वारा लगातार शोषण किया जाता है। जिन्हे रोकने मैं सरकारी अमला का कोई सरोकार नहीं है। ऐसा ही एक मामला मवई में करोड़ों की लागत से बन रहे निर्माणाधीन कॉलेज भवन का है जहां निर्माणाधीन भवन में कार्य कर रहे मजदूरों के पास किसी भी प्रकार की सेफ्टी व्यवस्था संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा नहीं दी गई है अगर दी भी गई है तो वह दिखाई नहीं दी। भवन निर्माण के काम में लगे सभी श्रमिक बिना सेफ्टी के ही काम करते हुए नजर आए सवाल तो यहां यह भी उठना है की उक्त भवन निर्माण कार्य में लगी एजेंसी को श्रमिकों की तनिक भी परवाह नहीं है या फिर यह कहा जाए की निर्माण एजेंसी भवन निर्माण का कार्य अपने मनमाफे कार्य कर रही है जिस पर कोई अंकुश लगाने वाला नहीं है जिस वजह से श्रमिकों के साथ भी निर्माण एजेंसी द्वारा लापरवाही बरती जा रही है खैर अब देखना यह होगा कि उक्त निर्माण अधीन भवन पर जिम्मेदारों की नजर पड़ती है या मजदूरों के साथ ऐसे ही आगे भी मौजूदा निर्माण एजेंसी द्वारा किया उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जाता रहेगा।

लगातार घट रही अप्रिय घटना

जिले से 100 किलोमीटर दूर जंगलों से घिरा वनांचल मवई क्षेत्र जहां पिछले कुछ दिनों से अधिकारियों एवम ठेकदारों की लापरवाही से लगातार गरीब मजदूर हादसों का शिकार हो रहे है। जहां धड़ल्ले से गरीब मजदूरों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जहा विगत दिवस सरकारी अस्पताल मैं ठेकेदार द्वारा बिना सेफ्टी उपकरण के पुताई पुट्टी का कार्य मजदूरों से कराया जा रहा था। जहां की पहली मंजिल से गिरकर एक मजदूर की जान चली गई थी। उसके कुछ ही दिन बाद ही वन विभाग की लापरवाही से पेड़ कटाई के दौरान एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उक्त गंभीर घटनाओं के घटित होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकदारों के द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है। एवं मजदूरों से बिना सेफ्टी उपकरण के ही काम करवाकर लगातार उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसे रोकने में जिम्मेदार नाकामयाब है।

मिट्टी युक्त रेत का हो रहा धड़ल्ले से उपयोग

जानकारों के अनुसार पक्के निर्माण में सीमेंट और रेत की अहम भूमिका होती है सीमेंट और रेत की गुणवत्ता ही किसी निर्माण की उम्र एवम गुणवत्ता निर्धारित करती है महाविद्यालय मवई के निर्माणाधीन भवन में स्थानीय वन विभाग के नालों की अवैध मिट्टी युक्त रेत का प्रयोग भवन निर्माण में किया जा रहा जबकि करोड़ों की लागत से निर्मित इस भवन में उच्च गुणवत्ता युक्त रेत का प्रयोग किया जाना चाहिए ताकि लंबे समय तक भवन सुरक्षित एवं मजबूती से खड़ी रहे किंतु कुछ पैसे बचाने के लिए ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग कर क्षेत्र वासियों के साथ ठगी की जा रही है क्षेत्रवासियों के उच्च गुण्नावत्ता युक्त महाविद्यालय भवन के सपने को चूर कर रहे है और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं आलाअधिकारी इस भ्रष्टाचार में मुक सहमति दे रहे है जो क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है।

जर्जर हो चुका है मॉडल स्कूल

मुख्यालय मवई में लंबे अरसे के इंतजार के बाद स्वीकृत हुए महा विद्यालय हेतु करोड़ों की लागत से भवन निर्माण का कार्य चल रहा है निर्माण की गुणवत्ता इतनी घटिया है की जानकारों का कहना है कुछ ही वर्षों में खंडार में तब्दील होना शुरू हो जाएगा मवई मुख्यालय में बने करोड़ों की लागत से मॉडल स्कूल मवई का भवन 5 वर्षो के भीतर ही दीवारों में दरार सहित छत के टपकने जैसे समस्याओं का सामना करना पड़ रहा ठीक इसी प्रकार महाविद्यालय का भवन भी कुछ वर्षों में जर जर होना शुरू हो जाएगा।

नही रहता कोई तकनीकी अमला

निरीक्षण के दौरान देखा गया कि वहां पर विभागीय शासकीय अधिकारी का कोई भी जिम्मेदार या शासकीय तांत्रिकी तकनीकी अमला मौजूद नहीं पाया गया और ना ही कोई ऐसा मिला जो यह बता सके कि वहां बन रहे क्रांकिट सीमेंट मसाला का मापदंड क्या है साथ ही सीमेंट में काली रेट डस्ट गिट्टी की मात्रा एवं भवन में लग रहे लोहे का गेज कितना है जैसी अहम जानकारी देने वाला वहां पर कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति उपस्थित नहीं मिला इससे अंदाजा लगाया जा सकता है वहां पर निर्माणाधीन कॉलेज भवन में कितना घटिया और गुणवत्ताहीन कराया जा रहा है इतने बड़े निर्माण कार्य में जिम्मेदार अधिकारी निगरानी रखने के बजाय गायब हैं।

तेन्दुआ की खाल के साथ तस्कर को बिछिया पुलिस ने किया गिरफतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया

दिनाक 19/12/2023 को विश्वनीय मुखबिर की सुचना पर बालापाट के दो व्यक्ति तेन्दुआ की खाल लेकर विक्रय करने की फिराक से बस आटो रिक्सा स्टेण्ड ग्राम सिझोरा में जबलपुर जाने के लिये बस का इंतजार कर रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस अधिक्षक मण्डला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन एवं पुलिस अनुविभाग अधिकारी पुलिस बिछिया आशिफ इकबाल के निर्देशन में वा थाना प्रभारी बिछिया धमेन्द्र धुर्वे के नेतृव्य त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम को अपडेट कर रेड कार्यवाही हेतु बताये गये स्थान ग्राम सिझोरा हाईवे रोड़ बस स्टैंड के पास का आटो रिक्सा स्टेण्ड ग्राम सीझोरा पहुंचा। जहाँ पर जबलपुर जाने के लिये बस का इंतजार कर रहे दो व्यक्ति बताये गये हुलिये के मिले उनके पास बैग के अंदर वन्य जीव तेंदूसा की खाल है जिनसे पूछ ताछ के दौरान एक व्यक्तिअपना नाम आकाश धुर्वे पिता रामलाल धुर्वे जाति गोंड उम्र 22 साल निवासी डोडियाटोला थाना मलाजखण्ड तथा उसके साथ दूसरा व्यक्ति काले रंग की बेकेट पहना हुआ था उसने अपना नाम रंजन धुर्वे पिता शंकर सिंह धुर्वे जाति गोड उम्र 31 वर्ष निवासी बाकीगुड़ा थाना मलाजखण्ड का रहने वाला बताये है। जिनसे उक्त तेंदुआ के खाल के रखने के संबंध में दस्तावेज के बारे में पूछा गया जो कोई दस्तावेज नहीं होना बताये थे। तब नियमानुसार कार्यवाही करते हुए दिनांक 19/12/2023 को आकाश धुर्वे पिता रामलाल धुर्वे जाति गोड उम्र 22 साल निवासी डोडिया टोला थाना मलाजखण्ड के पास एक तेंदुआ की खाल जप्त किया जा कर उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया, जा कर तथा जप्त शुदा तेंदुआ की खाल को थाना लाया गया है। उक्त आरोपी गणों का कृत्य धारा- 2,9,,39,49 (B),50 51 वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर बिबे. में लिया गया है। संपूर्ण कर्यवाही में उप निरी. जगदीश पंद्रे स.उ.नि. धनपाल बिसेन, आर. 513 सुनीराम मरावी, चा. आर. 464 धनेश मरावी से. 130 महावीर झारिया एवं धाना बिछिया में आये वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो से सराहनीय योगदान रहा। गिरधार शुदा आरोपियों को ज्यूडीशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय बिछिया पेश किया।

आयसर ट्रक और बाइक की टक्कर, दो युवक गंभीर

*** बीजाडांडी के राधाकृष्ण मंदिर के सामने हुआ हादसा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/बीजाडांडी

बीजाडांडी थाना अन्तर्गत राधाकृष्ण मंदिर के सामने एक आयसर ट्रक से बाइक सवार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 02 लोगों को गंभीर चोट आई है। हादसे में घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में उपचार के लिए ले जाया गया। ज्ञात हो कि हादसे में बाईक सवार गंभीर घायल हो गए थे, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल रैफर कर दिया गया। बताया गया कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे के करीब एक आयसर ट्रक तेज रफ्तार से आ रहा था, वहीं दूसरी तरफ से एक बाइक सवार जिसमें 02 लोग सवार थे जो सामने आ रहे आयसर ट्रक से टकरा गए। इस हादसे में बाइक सवार युवक राजेश मरावी 22 वर्ष निवासी कालपी को गंभीर चोटे आई है। वहीं बाईक में सवार दूसरा युवक नरेश मरावी 20 वर्ष निवासी घुघरी का पैर हादसे में दो जगह से टूटा गया। हादसें में घायलों को पुलिस एवं स्थानीय लोगो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले जाया गया। जहां घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जबलपुर रैफर कर दिया गया। पुलिस मर्ग कायम कर वाहनों को अपनी अभिरक्षा में ले लिया गया है।

निवास पुलिस द्वारा गुमे हुये 10 मोबाईल किये गये बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास

थाना निवास क्षेत्रान्तर्गत मोबाईल गुम होने की शिकायत पर गुमे हुये मोबाईल की तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. महोदय के मार्ग निर्देशन मे गुमे हुये मोबाईल की तलाश हेतु सूची तैयार कर सर्चिग हेतु सायबर सैल मण्डला भेजी गई थी। जिसकी जानकारी सायबर सैल से प्राप्त कर करीब 1 वर्ष पूर्व गुमे हुये मोबाईल मे से अभी तक विभिन्न कंपनी के कुल 10 मोबाईल बरामद किये गये है। तथा शेष मोबाईल की भी तलाश की जा रही है जिन्हे शीघ्र बरामद करने के प्रयास किये जा रहे है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरी. एस.एस. सोलंकी थाना प्रभारी निवास, प्र. आर. 309 चन्द्रशेखर मरकाम, आर.597 सूर्यचंद बघेल, आर. सुरेश भटेरे सायबर सैल मंडला आर. 42 चन्द्रकिरण डोहरे, आर. 445 रवि मरावी, आर. 152 महेन्द्र कड़पेती, की सराहनीय भूमिका रही।

अनदेखी | वन विभाग के निर्माण कार्यो में नही रुक रहा भृष्टाचार।

धृतराष्ट्र बने विभाग के आला अधिकारी

*** अमानक सामग्री का हो रहा इस्तेमाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज

वनमंडल पक्षिम सामान्य के कालपी रेंज में भृष्टाचार रुकने का नाम नही ले रहा है। वन क्षेत्रों में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी मन माफिक तरीके से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुए नजर आरहे है।ताजा मामला घोटखेड़ा सर्किल से सामने आया है इस क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहन राशि से करीब एक दर्जन के आसपास सीसी सड़के बनाई जारही है लेकिन उक्त सीसी सड़को में पालक अधिकारी सहित समिति प्रबंधक द्वारा वन क्षेत्र अधिकारी की मिलीभगत से अमानक सामिग्री स्तेमाल कर सीसी सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर भृष्टाचार किया जारहा है। बतादें घोटखेड़ा सर्किल में जितनी रोड बनाई गई बो बिना बेस और चार इंची की बनाई जारही है जिससे आप अंदाजा लगा सक्ते है उक्त सड़को की गुणवत्ता क्या होगी वही रहवासियों का कहना ये सड़कें गुणवत्ताहीन होने की वजह से कुछ ही माह में उखड़ जाएंगी। वही जानकारों का कहना है वन विभाग द्वारा जितनी राशि में 80 मीटर की सड़क बनाई जारही है उतनी राशि में ग्राम पंचायतें दो सीसी सड़के बना सकती है।

अधिकारी नहीं दे रहे जबाव

वन परिक्षेत्र कालपी में निर्माणधीन सीसी सड़कों में हो रहे भृष्टाचार के बारे जब हमने जिले के आला अधिकारियों से बात की तो उनका कहना है आपके द्वारा उक्त मामला संज्ञान में लाया गया है। क्षेत्र में जितनी सीसी सड़कें या अन्य निर्माण कार्य कराए जा रहें उनकी जाँच कराने के उपरांत ही कुछ टिप्पणी कर पाएंगे। जबकि विभागीय सूत्रों ने बताया जिले के डीएफओ सहित उप वन मंडल अधिकारी कई बार उक्त सीसी सड़कों का निरीक्षण कर चुके है लेकिन उसके बाद भी पालक अधिकारी समिति प्रबंधक सहित वन क्षेत्र अधिकारी नियम कायदों को ताक पे रख के घटिया किस्म की सीडी सड़क का निर्माण करा रहें है। जिससे अंदाजा लगाया जासकता कि जिले के आलाधिकारी उक्त निर्माण कार्यो को लेकर कितने सजग है और किस कदर अपनी आँखों पर काली पट्टी बांध कर धृष्टराष्ट्र की भूमिका निभा रहे है।

बस स्टैंड में यात्रियों की व्यवस्था के लिए जलाया गया अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया

पिछले एक सप्ताह से लगातार न्यूनतम और अधिकतम तापमान घटने और बढ़ने के कारण लगातार ठंड ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए है ऐसे समय में लोग दिनभर ऊनी वस्त्र पहनकर निकलने लगे, वही यात्री प्रतीक्षा में यात्रियों की परेशानी को देखते हुए विगत दिनों समाचार पत्रों में अलाव की मांग को लेकर आवाज उठाई गई थी, जिसे लेकर नगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत और पार्षदो नगर परिषद द्वारा स्थानीय बस स्टैंड में अलाव की व्यवस्था की गई, अलाव की व्यवस्था से यात्रियों राहगिरो एवं यात्रियो के साथ-साथ व्यापारियों को काफी राहत हुई है, परिषद से नगर के ओर भी स्थानो पर अलाव की व्यवस्था की जाने की बात कही गई जिससे इस भीषण ठंड में लोगों को राहत मिल सके, इस पर उपाध्यक्ष नगर परिषद ने कहा कि बस स्टैंड में प्रतिवर्ष यात्रियों एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए अलाव की व्यवस्था की जाती है, इस बार कुछ देर से हुई मगर यात्रियों की व्यवस्था के लिए अलव आज प्रारंभ किया गया इसी तरह शीघ्र नगर के ओर भी स्थानो पर अलाव जलाया जाएगा।

आम सूचना

यह कि, आज दिनांक 20/12/2023 सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजाब नेशनल बैंक कॉरपोरेट बैंकिंग शाखा कटोरा तलाब तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदक बी.एम फूड्स एंड ग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड अंजनिया के नाम से भूमि को पूर्व विक्रेता बसोरी लाल यादव, राम प्रसाद यादव पिता दुर्गा प्रसाद यादव द्वारा दिनांक 08/06/2023 ई-पंजीकरण न MP238362023A11961784 के माध्यम से क्रय किया गया था।

यह कि, पूर्व विक्रेता बसोरी लाल यादव, राम प्रसाद यादव पिता दुर्गा प्रसाद यादव ने पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 15/10/2007 ग्रन्थ नं 4110 दस्तावेज नं 1804 पृष्ठ नं 48/53 के माध्यम से क्रय किया था। उपरोक्त पंजीयन पत्र/विक्रय पत्र गुम हो चुका है।

यह कि उक्त पूर्व विक्रय विलेख पंजीकृत दस्तावेज के संबंध में किसी भी व्यक्त के पास या कि किसी भी व्यक्ति के हित इत्यादि के संबन्ध में उक्त दस्तावेज के संबंध में किसी को किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है तो 07 दिन के अंदर पंजाब नेशनल बैंक कॉरपोरेट बैंकिंग शाखा कटोरा तलाब तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ में आकर के संपर्क करे।

यह कि उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति के पास या कि किसी भी व्यक्ति के हित इत्यादि का कोई अधिकार/स्वामित्व/हित/दावा है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपना दावा प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक प्रमाण के साथ 07 दिनों के भीतर बैंक से संपर्क करें।

यह कि उक्त मूल विक्रय विलेख पंजीकृत दस्तावेज के संबंध में यदि 07 दिनों के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह माना जाएगा कि संपत्ति किसी भी शुल्क/दावे/भार से मुक्त है और बैंक बंधक के साथ आगे बढ़ जाएगा।

शाखा का विवरण तथा संपर्क नंबर,
पंजाब नेशनल बैंक, कॉरपोरेट बैंकिंग शाखा कटोरा तलाब जिला रायपुर छत्तीसगढ़- मो-9369919445

अधिवक्ता
प्रीति पटेल
मो. 7987819780
9407037303

खबर संक्षेप

भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उमड रहा सैलाब

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेडा को वैसे भी लोग धर्म की नगरी के नाम से पहचानते है। मगर जब यहां पर कोई धार्मिक आयोजन होता है तो नगर ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्रवासियों में अनोखा संचार देखने मिलता है। कुछ इसी प्रकार से नगर के मातृ ज्योति भवन में चल रहे श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के आयोजन में जिस तरह से कथा बाचक के रूप में पधारे हुये श्री श्री 1008 युवराज स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य आचार्य आश्रम नयागांव चित्रकूट धाम द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनाया जा रहा है उसके चलते देखा जा रहा है कि संपूर्ण सांईखेडा क्षेत्र धर्ममय होने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर बीते हुये 17 दिसम्बर से शुरू हुये इस ज्ञान यज्ञ में लोगों का दोपहर 1 बजे से जन समूह उमड़ते हुये देखा जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रो में निर्धारित समय पर खोली जाए उचित मूल्य की दुकानें

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शासन द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए उन्हें सस्ता राशन उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे सार्वजानिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित सस्ते राशन की दुकानों से हालॉकि सरकार की मंशानुरूप गेहू, कैरोसिन, चॉवल और शक्कर का वितरण किया जा रहा है। वही सरकार के आदेश अनुसार कुछ महिनों तक पर्ची धारकों के लिये निःशुल्क राशन भी वितरण किया जा रहा है। किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में नीले, पीले कार्डधारियों की शिकायत है कि उचित मूल्य की कई दुकानें ऐसी है जो समय के साथ निश्चत तिथि पर नही खुलने के कारण लोगो का समय व्यर्थ बर्बाद हो रहा है, इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है, जहां पर विगत लम्बे समय से लोगों को अनाज नही मिल पाया है? बताया जाता है जिस सहकारी दुकान से चार पांच गांव जुड़े है और विलम्ब से उसके खुलने की स्थिति मे वहॉ उपभोक्ताओं की भीड़ जुट जाती है और महिलाओं को खासकर इन दुकानो से सामान लेने मे परेशान होना पड़ता है? ज्ञातव्य है कि आने वाले और तेज ठंड के मौसम का ध्यान रखते हुए सहकारी दुकानों से गरीबों, अतिगरीबो राशन कार्ड धारियों को खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा, लिहाजा जरूरी है कि ग्रामीण क्षेत्रों की सहकारी दुकाने निर्धारित समय पर खुलें ताकि नागरिको को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

अनेक कार्यालयों का संचालन हो रहा गाडरवारा से

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। जहां एक ओर देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योजनाएं चलाते हुए मनमानी राशि खर्च की जा रही है, वही दूसरी ओर स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों की मनमानी के चलते बच्चों की अच्छी पढ़ाई नही हो पा रही है इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक शासकीय स्कूलों में देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि सांईखेड़ा क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में जहां सैकडो छात्र छात्राएं अध्यनरत है वही शासकीय इन शालाओं में पदस्थ अनेक शिक्षको अप डाऊन करने के कारण शालाओं में समय पर उपस्थित नही हो पाते है, जिसका परिणाम है कि कई शासकीय विद्यालयों की पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यदि क्षेत्र के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में देखा जावे तो अनेक स्कूलों में शिक्षिकों की अनुपस्थिति बनी रहती है? वही ग्रामीण क्षेत्रों में यह आलम आसानी से देखा जा सकता है, शिक्षा विभाग अच्छे वार्षिक परिणामों के लिए सतत प्रयासरत है। वही शासकीय शालाओं में शिक्षक गण देरी से पहुंचते है एवं समय के पहले शालाओं से कूंच कर देते है, जिसमें बताया जाता है कि अधिकांश शिक्षक शिक्षाकाएं बाहर से ट्रेनों के माध्यम से अप डाऊन करते हुए गाडरवारा से बस पकड़ने के बाद यहां तक पहुंच पाते है ऐसे में ट्रेन की लेट लतीफी के कारण वह समय पर शाला नही पहुंच पाते, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शासकीय शालाओं का अकास्मिक निरीक्षण करना चाहिए ।

समाज सेवा के रूप में कौरव सेवा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों से बेसहाराओं को मिल रहा सहारा



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

अक्सर देखा जाता है कि जब रात के समय पारा 10 के नीचे होता है तो लोग अपने घरों के अंदर पल्ली से निकलने के लिये अपनी जरूरी नित्य क्रिया को भी नजर अंदाज करने से नही चूकते है। इस स्थिति में उन लोगों की कल्पना करो जो वृद्व दिन भर सड़को पर मांगते हुये अपना पेट भरने के बाद रात के समय रेल्वे स्टेशन या फिर किसी मंदिर तो खाली पड़ी हुई जगह में किसी तरह बगैर किसी साधन के रात गुजरने के लिये मजबूर होते हुये देखे जाते है। यदि रात के समय शहर की सडको से लेकर रेल्वे स्टेशन या फिर नगर में बने हुये पुराने भवन जो खंडहर होते चले जा रहे है इनके ईर्द गिर्द इस तरह के लोग हाड कपा देने वाले ठंड के बीच सिकुडकर बैठे हुये नजर आने से नही चूकते है। इस तरह के लोगों की मदद के लिये क्षेत्र के समाज सेवी मुकेश बसेडिया के आलवा शायद ही किसी अन्य को मदद करते हुये देखा गया हो..? यह बात अलग है कि तीज त्यौहार के दौरान कुछ धनवान लोग जरूर इन लोगों की मदद का ढिढौरा पीड़ते हुये मदद के नाम पर अखबारों की सुर्खिया बनने से नही चूकते है जो सही मायने में यह उनका यह कार्य इन गरीबों बेसहाराओं की मदद की जगह खुद के द्वारा अखबारों में छाने की सोच के आलवा और कुछ नही होता है? मगर इस तरह बे सहारा लोगों की मदद के लिये कौरव सेवा समिति के युवाओं द्वारा जिस तरह एक अलग मुहिम छेड़ते हुये सहारा बनते हुये देखा जा रहा है उसकी लोगों द्वारा सराहना करने से नही चूक रहे है? बताया जाता है कि नगर की कौरव सेवा समिति के युवा रात 11 बजे के बाद अपने घरों से निकलते है और इस तरह के वृद्वजनों को खोजते है जों इस समय पड़ रही ठंड के बीच बगैर किसी साधन के रात काट रहे होते है और उन वृद्वजनों को चुपचाप तरीके से कंबल सहित जरूरी सामग्री प्रदान करते हुये निकल जाते है। बगैर किसी दिखाबे के कौरव सेवा समिति के युवाओं द्वारा छेड़ी गई इस मुहिम को जब हरिभूमि की टीम द्वारा रात में बेसहाराओं का सहारा बनते हुये देखा गया तो वह केमरे से बचने का प्रयास करने से नही चूके। मगर इसके बाद भी किसी तरह इन युवाओं द्वारा की जा रही वृद्वजनों की सच्चाई को कैद कर डाली गई। बताया जाता है कि कौरव सेवा समिति द्वारा सिर्फ ठंड के दिनों में नही बल्कि भीषण गर्मी के दौरान भी इसी तरह मूक पशुओं के लिये अपनी ओर से एक अलग मुहिम छेड़ते हुये सड़को पर प्यास से ब्याकुल होने वाले पशुओं के लिये जहां तहां अपनी ओर से पानी की टंकी स्थापित की गई थी। ज्ञात हो कि गर्मी के दिनों में जब शहर की जीवन रेखा माने जाने वाली शक्कर नदी की जल धाराये टूट जाती है तो मूक पशुओं को पानी पीने की कही व्यवस्था नही रहने की स्थिति में वह शहर की नालियों में बहने वाली गंदे पानी के भरोसो ही अपना जीवन काटने के लिये मजबूर हो जाते है। इस तरह कौरव सेवा समिति भीषण गर्मी के दौरान शहर की सड़को पर घूमने वाली इन पशुओं को पानी की व्यवस्था करने के बाद अब ठंड में बेसहारा बुजुर्ग का सहारा बनाते हुये देखा जा रहा है। इस संबंध में जब कौरव सेवा समिति के सदस्य राजेश पटैल से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यह बात सत्य है कि जब किसी व्यक्ति को ठंड या फिर प्यास लगती है तो वह महंगे से महंगे कपडे या फिर अपनी प्यास बुझाने के लिये ठंडे पानी की बाटल खरीदकर अपनी प्यास बुझा लेता है। मगर इन बेसहाराओं के प्रति किसी का ध्यान नही जाता है। इस समय पड रही ठंड के दौरार रात के 9 बजे से ही शहर की सड़क सूनी पड़ जाती है और यह बुजुर्ग उस ठंड के बीच नगर के रेल्वे स्टेशन पर अपनी राते काटते हुये देखे जाते है। हमारी समिति के युवाओं द्वारा इस तरह के बेसहाराओं की मदद के लिये कंबल वितरण करने की मुहिम छेड़ी गई है। इसी प्रकार कौरव सेवा समिति द्वारा छेड़ी गई इस मुहिम के संबंध में जब समिति के सदस्य राघवेन्द्र कौरव रहली वालों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि हम लोगो की भावना सिर्फ बेसहाराओं की मदद के प्रति रहती है अब वह मानव हो या फिर पशु हमारे द्वारा किये जाने वाले कृत्य से यदि किसी को शांति का अनुभव होता है तो हमारे सेवा का आर्शीवाद हमे मिल जाता है। इसी प्रकार से संजय कौरव का कहना है कि इस समय पड़ रही ठंड के बीच लोग अपने घरों से निकलने की बात तो दूर विस्तर से निकलने के पहले अनेकों बार सोचने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है। इस हालत में इन गरीबों की ओर शायद ही किसी के द्वारा ध्यान दिया जा रहा हो जो रात के समय भीषण ठंड के बीच प्लेटफार्म पर अपनी रात काटते हुये देखे जाती है। हमारी समिति द्वारा इन लोगों की मदद के लिये अपना हाथ बढ़ाया गया है। वही ब्रजेश कौरव भमका वालों का कहना है कि लोगों को समाजसेवा के नाम पर बड़ी बड़ी बाते करते हुये तो देखा जाता है। मदद के नाम पर जिस तरह से दिखाबा किया जाता है मगर सही समाज सेवा तो उसे माना जा सकता है जो किसी की मदद के लिये आगे आये। कौरव सेवा समिति द्वारा जिस तरह से बेसहाराओं के लिये सहारा बनते हुये ठंड के दौरान कंबल वितरण किये जा रहे है वह सराहनीय है। कौरव सेवा समिति द्वारा किये जाने वाले कार्य साद प्रशासनीय होती है। इसी तरह कौरव सेवा समिति द्वारा गर्मी के दिनों में मूक पशुओं के प्रति जो मुहिम छेड़ी गई थी। उसी प्रकार से अब ठंड के दिनों में बे सहाराओं के सहारा बनते हुये देखा जा रहा है इस तरह कौरव सेवा समिति द्वारा नगर में बेसहारा वृद्वजनों के प्रति छेड़ी गई यह मुहिम नगर ही नही संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने के साथ साथ उन लोगों को आईना दिखाने से नही चूक रही है जो आये दिन समाजसेवा के नाम पर एक केला के साथ दो दर्जन लोग खड़े होकर फोटो निकलवाते हुये सोशल मीड़िया पर अपने आपकों सबसे बडे समाजसेवी साबित करने का प्रयास करने से नही चूकते है।

आज निकलेगी अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। श्री अयोध्या धाम से पूजित होकर कर आए हुये अक्षत कलश गांव-गांव पहुंचना प्रारंभ हो गए हैं। इसी कड़ी में बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव मंडल में अक्षत कलश का गाजा बाजा व रामधुन के साथ शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुजनों द्वारा सिर पर अक्षत कलश धारण किया गया। इस तरह गांव में जगह-जगह चौक पुरकर अक्षत कलश का पूजन किया गया, शोभायात्रा उपरांत मंदिर में अक्षय कलश स्थापित किये गये।

ज्ञात होगी कान्हर गांव मंडल के अंतर्गत पांच गांव दिघोरी, घूरपुर, महगवा कला महगवा खुर्द और मगरमुहा आते हैं इन सभी गांव के अक्षत कलश महंगवा के मंदिर में पहुंच गए हैं वहां से यह कलश अपने-अपने गांवों में शोभायात्रा के रूप में पहुंचाये जाएंगे मंडल प्रभारी बसंत जोशी ने बताया कि भारत धर्म प्रधान और ग्राम प्रधान देश है ग्राम ग्राम में अक्षत कलश पूजन व धार्मिक जागरण के कार्यक्रम करने के पीछे उद्देश्य यह है कि प्रत्येक ग्रामवासी श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में हो रही भगवान रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से जुड़ सके और सनातन का प्रचार प्रसार कर सके ।भारत का मूल आधार धर्म है इस कारण से ही 500 वर्ष बाद पुन है भव्य और दिव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। बताया जाता है कि शोभायात्रा में ग्राम के कालूराम चौबे, आशीष कौरव, विशाल पटेल, महेंद्र प्रताप, अनिल कौरव ,रामबाबू, भानु जी ,बृजेश पटेल, नरेंद्र कौरव, सत्यप्रकाश पटेल, कृष्णकुमार पहारिया, देवेंद्र,यारवेन्द कौरव का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। वही आज गाडरवारा शहर में अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। जो दोपहर 2 बजे पुरानी गल्ला मंडी से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकलेगी।

कलेक्टर ने गाडरवारा क्षेत्र के ग्राम पनारी व बोहानी स्वास्थ्य केन्द्रो सहित किया धान खरीदी केन्द्रो का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

बुधवार के दिन गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों में हडकंप की स्थिति देखने मिली। क्योंकि इस दिवस जिला कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने क्षेत्र का दौरा करते हुये अनेक विभागों का निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र पनारी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोहानी पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र पनारी में उन्होंने ओपीडी, प्रतिमाह होने वाले प्रसवों, दवाईयों की उपलब्धता, टीबी सैम्पलिंग, सीबीसी, बायोमेडिकल वेस्ट, हाई रिस्क एनीमिक महिलाओं की जानकारी लेते हुये यहां मौजूद स्टाफ को उन्होंने निर्देशित किया कि केन्द्र में उपलब्ध दवाईयां फस्ट इन- फस्ट आऊट के आधार पर वितरित की जाये। वही हाई रिस्क एनीमिक महिलाओं की रेगुलर मॉनीटरिंग की जाये व इसके लिए होम विजिट भी किया जाये। वही उप स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी की संख्या भी बढ़ाई जाये। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोहानी के परिसर में हर्बल गार्डन, पार्किंग, मरीजों के परिजनों के बैठने की व्यवस्था आदि व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश देते हुये उन्होंने यहां की जाने वाली जांच, प्रसव कक्ष, मरीजों एवं उनके परिजनों से भी चर्चा की और उन्हें प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जाना। वही बीएमओ को निर्देशित करते हुए स्वास्थ्य केन्द्र में सीसीटीव्ही सतत रूप से संचालित करने के लिए कहा। इसके पश्चात परिसर में कलेक्टर सुश्री बाफना ने पौधरोपण भी किया। इसके आलवा उन्होने गुरूकृपा वेयर हाऊस बटेसरा, अनाया वेयर हाऊस चिर्रिया एवं कौंडिया वेयर हाऊस में किये जा रहे उपार्जन कार्यो का अवलोकन किया। यहां मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा विक्रय के लिए लाये जा रहे धान एफएक्यू मापदंड के अनुरूप हो। वही नॉन एफएक्यू धान की खरीदी नहीं की जाये। कलेक्टर द्वारा बारदाने की उपलब्धता, तौलकांटों की स्थिति, किसानों के पंजीयन, स्लाट बुकिंग एवं धान की तौल एवं उठाव की भी जानकारी ली। कलेक्टर सुश्री बाफना ने निर्देश देते हुए कहा कि किसानों से धान खरीदी के पश्चात बारदानों में व्यवस्थित रूप से स्टेक बनाकर रखा जाये और परिवहन किया जाये। क्वालिटी सर्वेयर द्वारा रिजेक्ट किये गये सेम्पल की भी जानकारी निरीक्षण के दौरान ली। अनाया वेयर हाऊस चिर्रिया में निरीक्षण के दौरान पाया कि बारदानों पर टैग सही तरीके से नहीं लगे हैं और ना ही बारदानों पर छपाई का कार्य व्यवस्थित ढंग से किया गया है। इस पर उन्होंने खरीदी समिति को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। वेयर हाऊस पर उन्होंने अपने समक्ष बारदानों की तौल भी करवाकर देखी गई।

विद्युत पेंशनर्स का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

विद्युत पेंशनर्स संघ, गाडरवारा के तत्वावधान मेंबीते हुये पेंशनर्स दिवस पर 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेने वाले विद्युत पेंशनर्स सदस्यों का सम्मान समारोह एवं हेल्प ऐज़ इंडिया, भोपाल द्वारा साइबर क्राइम से बचाव संबंधी कार्यशाला का आयोजन स्थानीय कालेज आडीटोरियम में किया गया। बताया जाा है कि इस मौके पर संस्था के कोआर्डिनेटर राकेश दांगी ने आए दिन हो रहे डिजिटल फ्राड से बचने के लिए सजग और सुरक्षित रहने संबंधी अनेक उपाय बतलाए गये। इस मौके पर संघ के वरिष्ठ सदस्य पुरुषोत्तम लाल कहार, शिवकुमार शर्मा ,भवानी प्रसाद वर्मा , लखन लाल शर्मा, रमन प्रसाद सोनी, गोविंद प्रसाद श्रीवास, धनीराम विश्वकर्मा, गया प्रसाद मेहरा, सुगंधी लाल किरार, खरगराम वास्त्री, बंशीलाल झारिया, श्यामलाल पटैल ,श्रीमती राजकुमारी सेठ को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस. आर. पटैल साहब ने की गई। वही सचिव राधेश्याम सराठे द्वारा प्रतिवेदन वाचन किया गया। अतिथियों का स्वागत संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बिरथरिया ने किया तो मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन संघ के संयोजक नरेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम में एम एल मेहरा,विनोद अग्रवाल,नरेन्द्र सोनी, आधार सिंह पटैल,ओ पी सराठे, भागीराम पाली,जगदीश काछी,रामेश्वर मेहरा सहित अन्य लोग मौजूद थें।

कंपनी द्वारा दिये गये मोटर पंप को बिजली विभाग द्वारा गलत साबित करते हुये की जा रही कार्यवाही से परेशान अन्नदाता

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। इस समय जहां क्षेत्र का किसान प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। वही दूसरी ओर बिजली विभाग द्वारा पांच हार्स पावर मोटर पंप के नाम पर सात हार्स पावर का बिल देते हुए किसानों को जिस प्रकार से परेशान किया जा रहा है आखिर में इसमें किसान की गलती कहा से हो रही है जिसके कारण उसे बिजली विभाग द्वारा इस प्रकार का दंड दिया जा रहा है? क्योंकि बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा बिजली मापने वाली मशीन से किसानों के कुंआ व नलकूपों पर पहुंचकर नलकूपों में डली हुई मोटर को अपने यंत्र के माध्यम से जांचते हुए उसे अधिक भार का बिल पहुंचाया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के कुछ किसानों द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि उनके नल कूप में पांच हार्स पावर की मोटर डली हुई जिसको उन्होंने जिस कंपनी से खरीदा गया है उसका वह बिल भी रखे हुए है मगर इसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे अधिक वोल्ट की बताते हुए बिल भेजा जाता रहा है? आखिर में जब किसान द्वारा किसी दुकान से कोई मोटर पंप खरीदा जाता है और उसका बिल लेता है जिसमें भी उसका बिद्युत खपत करने की मात्रा स्पष्ट लिखी होती है इसके बाद बिजली विभाग द्वारा जांच करने के बाद उसमें अधिक बिजली खपत करने की मात्रा पाई जाती है तो आखिर में इसमें किसान कैसे दोषी हुआ? क्योंकि अब किसान ज्यादा पढ़ा लिखा तो होता नही है जितनी मात्रा की कंपनी उसे बनाकर देती है उतनी मात्रा का मोटर वह अपने नलकूपों में डालकर उपयोग करता रहता है और बिजली विभाग द्वारा उसे दोषी मनाते हुए अधिक बिजली बिल भेजा जाता है? अब अधिक बिजली यदि किसी किसान का मोटर पंप खा रहा है तो उसमें कंपनी दोषी हुई जिसने मोटर पंप पर गलत लेबिल लगाते हुए उसे बेचा गया है? वही दूसरी ओर गौर करने वाली बात तो यह भी है कि किस प्रकार से नलकूप में डली हुई मोटर को किसान नही बनता है जो वह गलत नही हो सकती है? और इसी प्रकार से किसानों की मोटर पंपों की जांच करने वाले यंत्रों को भी

बिजली विभाग के अधिकारी नही बनाते है जो वह हर समय सही रिपोर्ट देते रहे? जिस प्रकार से विश्वास के साथ किसान मोटर खरीदकर अपने नलकूप में डालता है इसी प्रकार से बिजली विभाग के अधिकारी भी बिजली की खपत जांच करने वाले यंत्र को विश्वास के साथ जांच करते है, अब यदि कंपनी द्वारा दी गई किसान की मोटर नियत मात्रा से अधिक बिजली खा सकती है तो बिजली विभाग का वह जांच करने वाला यंत्र भी खराब हो सकता है? क्योंकि दोनों ही चीजे कंपनी द्वारा बनाई गई है, इसमें सिर्फ दोषी किसान ही क्यों माना जाता है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो यदि कोई व्यक्ति कोई दुकान से समान खरीदता है ओर यदि व समान खराब निकलता है तो दुकानदार को दोषी मानते हुए उसके खिलाफ कार्यवाही की जाती है, इसी प्रकार से किसान भी दुकान से मोटर पंप पांच हार्स पावर के नाम पर खरीदता है और यदि वह अधिक हार्सपावर की बिजली खाने लगता है तो अधिकारी उस दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही करने की जगह किसान को अधिक बिल क्यों देते है? अब इसमें किसान दोषी हुआ की मोटर पंप बनाने वाली कंपनी जिसकी सजा किसान भोगते हुए पांच हार्स पावर की जगह सात हार्स पावर का बिल भरने मजबूर हो रहा है?

मुख्य मार्ग किनारे बिक रहे मांस मछली के चलते आम

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। जिस प्रकार से इस समय दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में मुख्य मार्ग पर लगने वाले बाजार के चलते आम लोगों की जिन्दगी खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है? वही दूसरी ओर बाजार में फैली हुई अव्यवस्थाओं को लेकर भी आम लोगों को परेशान होने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के मुख्य मार्ग पर जिस प्रकार से खुलेआम मांस व मछली का विक्रय होते हुए देखा जा रहा है उसके चलते आम लोगों परेशान होने के साथ साथ उनकी धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचते हुए देखी जा रही है, मगर इस सबके बाद भी जहां नपा प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। वही दूसरी ओर संबंधित प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि मुख्य मार्ग पर इस प्रकार से बिकने वाले मांस व मछली के चलते आमजन के साथ साथ स्कूली छात्र छात्राओं का मार्ग से निकलना मुश्किल होते हुए दिखाई दे रहा है? इस संबंध में बताया जाता है कि नगर के प्रमुख माने जाने वाले चौराहे पर इस प्रकार से लग रहे मांस व मछली बाजार के चलते इस मार्ग से खेरापति मंदिर को जाने वाले भक्तो सहित स्कूलों के लिए आने जाने छात्र छात्राओं द्वारा इस प्रकार से खुले में रखें हुए मांस व मछली को देखते है तो उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है, वही दूसरी ओर आम लोगों भी इस दृश्य को देखकर परेशान होने से नही चूक रहे है? जबकि बताया जाता है कि मांस बेचने के लिए अलग दुकानों का निर्माण कराते हुए जगह निर्धारित की गई है, मगर प्रशासन की उदासीनता के चलते इस प्रकार से मांस व मछली बेचने वालों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है की उनके द्वारा मुख्य मार्ग सहित तालाब के किनारे खुले मैदान में रखते हुए अपनी सामग्री का विक्रय करते हुए देखे जा रहे है, इसके चलते आमजन द्वारा खुले में बिक रहे मांस व मछली पर रोक लगाने की मांग की गई है।

खबर संक्षेप

'ग्राम बिजौरी में तीन दिवसीय ओपन वॉलीबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित'

हरिभूमि न्यूज अमरपुर। प्रतिवर्षानुसार स्वराज क्लब ग्राम बिजौरी ग्राम पंचायत रामगढ़ विकासखंड अमरपुर के तत्वाधान में 22 दिसंबर से तीन दिवसीय ओपन वॉलीबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। जिसमें 151 रुपए एंट्री फीस 23 दिसंबर तक जमाकर टीमें भाग ले सकते हैं। प्रथम विजेता टीम को 10000 रुपए नगद व कप, द्वितीय विजेता टीम को 5000 रुपए नगद व कप तथा तृतीय विजेता टीम को 2500 हजार रुपए नगद व कप प्रदान किया जाएगा। वहीं आयोजकों द्वारा बताया गया कि मैच डे नाइट होगा, तथा 20 किलोमीटर से अधिक दूरी से आने वाले टीमों के लिए भोजन एवं आवास की व्यवस्था समिति द्वारा किया जाएगा।

नरबदिया आर्मो की गोंडी कला से प्रभावित होकर मैडल व ट्रॉफी से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। शिविर के दौरान नोडल अधिकारी (डायरेक्टर ऑफ स्टील) श्रीमती नेहा वर्मा के द्वारा करंजिया में आयोजित संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टाल का अवलोकन करते समय कुमारी नरबदिया आर्मो दिव्यांग ग्राम खन्नात को गोंडी कला एवं सामान्य चित्रकला की उत्कृष्ट गुणवत्ता को देखकर जिसके दोनों हाथ न होने के बावजूद अपने मुहं में बुरश दबाकर बहुत ही सुन्दर चित्रकारी कर प्रस्तुत की जिस पर प्रभावित होकर नोडल अधिकारी श्रीमती वर्मा के द्वारा मैडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, और कहा कि मैं आपकी चित्रकला को और आगे बढाने का प्रयास करूंगी साथ में मौजूद कलेक्टर श्री विकास मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते डिंडोरी में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते 21 दिसंबर 2023 को प्रातः 8.00 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर प्रातः 10.00 बजे डिंडोरी आगमन करेंगे। फग्गन सिंह कुलस्ते 11.00 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिशा की बैठक लेंगे। दोपहर 12.00 बजे डिंडोरी से प्रस्थान कर 1.00 बजे से ग्राम नारायणडीह में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। दोपहर 3.00 बजे शहपुरा आगमन कर विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। फग्गन सिंह कुलस्ते शाम 5.00 बजे शहपुरा से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामों में आयोजित हुये शिविर

-केंद्र शासन की योजनाओं के पात्र हितग्राहियों से भरवाये गये आवेदन देश को विकसित राष्ट्र बनाने का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बुधवार को जनपद पंचायत करंजिया मुख्यालय पहुंची। जहां शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुये।

ग्रामों में लगाये गये शिविर में केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये सभी पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किये गये। शिविर में पहुँचे एलईडी युक्त प्रचार रथ से केंद्र शासन की जन कल्याण की योजनाओं तथा नवाचारी योजनाओं से देश मे हुये विकास की जानकारी भी जन सामान्य को दी गई।

शिविर के प्रारम्भ में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रिकार्डेड सन्देश का प्रसारण प्रचार रथ से किया गया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवासियों को वर्ष-2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। शिविर में केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किये। नये वर्ष का कैलेंडर एवं प्रचार साहित्य का वितरण भी इस मौके पर किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत करंजिया के उत्कृष्ट स्कूल ग्राउंड में किया गया जिसमें जिसमें भारत सरकार स्तर की नोडल अधिकारी (डायरेक्टर आफ स्टील) श्रीमती नेहा वर्मा, कलेक्टर विकास मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष ,एवं जिला अध्यक्ष भाजपा एवम अन्य स्थानीय अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे कार्यक्रम स्थल में लोक नृत्य, गायन, रंगोली प्रतियोगिता, एवं खेल खेलकूद आदि गतिविधियों की गई।

विभागीय अधिकारियों द्वारा भारत शासन द्वारा संचालित एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई जनप्रतिनिधियों द्वारा भी आमजन को संबोधित किया गया साथ ही ग्रामीण जनों के आवेदनों की सुनवाई की गई एवं आवेदन पत्र का पंजीयन कराया गया जिसमें कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें पंचायत विभाग के 22 विद्युत विभाग का 01 मत्स्य विभाग का 01 एवं राजस्व विभाग के 06 आवेदन प्राप्त हुए है इनकी समय सीमा तय कर संबंधित विभाग को निराकरण हेतु आवेदन सौंपे गए शिविर के अंत में 429 हितग्राहियों को हित लाभ दिया गया जिसमें सबल योजना 2, मनरेगा 8, पेंशन 8, महिला बाल विकास 5, कृषि 2, आयुर्वेदिक चिकिस्सक द्वारा 200 हितग्राहियों को परीक्षण एवं औषधि वितरण चिकित्सा विभाग द्वारा 204 हितगारियो स्वास्थ्य परीक्षण एवम दवाई का वितरण का और अच्छा अच्छी कार्य करने उत्कृष्ट कार्य करने अधिकारी कर्मचारी प्रशंशा पत्र एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं अच्छे अंक लाने,खेल कूद,प्रतियोगिता में पुरस्कार स्वरूप हेतु प्रशंसा पत्र एवं शील्ड तथा मेडल दिए गए।

श्रीमती नेहा वर्मा नोडल अधिकारी (डायरेक्टर आफ स्टील) अपने उदबोधन में कहा कि मैं अपने जीवन में पहला ऐसा जिला डिंडौरी जहां पर जिला प्रशासन के बहुत अच्छी समन्वय से संकल्प यात्रा कार्यक्रम करंजिया में किया गया मुझे बहुत अच्छा लगा मैं बहुत खुश हूं कि केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर बेहतर तरीके से लाभान्वित किया जा रहा है। मैं जिले के विकास मिश्रा डीएम एवं उनके अधिकारी कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए बहुत उत्कृष्ट तरीके से जिला प्रशासान कार्य कर रही है। मैं बच्चों की सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों को देखकर बहुत प्रसन्न हूँ। और मैं केन्द्र शासन की और अन्य योजनाओं को भिजवाने का प्रयास करूंगी। अंत में ग्रामीण अंचलों की दीदीयों के स्थानीय नृत्य के साथ व बच्चों के साथ खुशी से झूमकर बच्चों के साथ नाच में भाग लेते दिखाई दी। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधराज बिलैया, जनपद अध्यक्ष करंजिया चरण सिंह धुर्वे, विकसित भारत संकल्प यात्रा समन्वय समिति सदस्य राजेन्द्र पाठक, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति प्रकाश धुर्वे, मंडल अध्यक्ष भाजपा राजकुमार मोंगरे, जिला उपाध्यक्ष भाजपा दिलीप ताम्रकार, गजेन्द्र करचाम, सियाराम साहू, जगदीश प्रताप सिंह धुर्वे, रितुराज टांडिया, लालसिंह उइके सहित अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

डॉक्टर गौतम ने बच्चा बंदी खोलने का किया सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। जिला चिकित्सालय डिण्डौरी में दिनांक 19-12-2023 को 35 वर्षीय महिला निवासी बालपुर डिण्डौरी को बच्चाबंदी खोलने हेतु जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था, महिला के दो बच्चे क्रमशः पहला बच्चा 17 वर्ष व दूसरी बच्ची 15 वर्ष थे जिसके उपरांत 15 वर्ष पूर्व महिला ने बच्चाबंदी का ऑपरेशन करवाया था परंतु पांच माह पूर्व महिला के बड़े बेटे की आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण वह महिला एक और बच्चा चाहती थी व बच्चाबंदी ऑपरेशन खुलवाने हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती हुई थी। जिसकी जानकारी मिलने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रमेश मरावी एवं सिविल सर्जन डॉ.अजय राज द्वारा डॉ. अरूणेन्द्रमूर्ति गौतम स्त्री रोग विशेषज्ञ को उपरोक्त ऑपरेशन करने हेतु कहा गया। उसके पश्चात मरीज की सभी जरूरी जांचे कर महिला का ऑपरेशन हेतु चिकित्सा टीम डॉ.धनराज सिह मेडीकल विशेषज्ञ व डॉ दिलीप रंगारे निश्चेतना विशेषज्ञ के द्वारा फिटनिस प्रदान की गई व डॉ. अरूणेन्द्रमूर्ति गौतम स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चाबंदी ऑपरेशन खुलवाने का सफल ऑपरेशन किया गया है जो जिले के इतिहास में पहली बार बच्चाबंदी खोलने का सफल ऑपरेशन है।

ऑपरेशन के पूर्व क्षेत्रीय संचालक जबलपुर डॉ. संजय मिश्रा को भी उक्त संबंध में जानकारी दी गई थी व उनके द्वारा यह अश्वासन प्राप्त हुआ था कि ऑपरेशन में किसी भी प्रकार की जटिलता आने पर तत्काल मेडीकल कॉलेज जबलपुर से टीम भेजने या मरीज को मेडीकल कॉलेज सिफ्ट करने की व्यवस्था की जावेगी।

शासन के निर्देश के बाद पुलिस प्रशासन व तहसीलदार द्वारा उतरवाए गए ध्वनि विस्तारक यंत्र

धार्मिक स्थलों से उतारे गए लाउड स्पीकर

हरिभूमि न्यूज शहपुरा – शहपुरा नगर में धार्मिक स्थानों से उतरवाए गए ध्वनि विस्तारक यंत्र मध्य प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटाने एवं कोलाहल प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम का पालन करवाने के लिए पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया गया है। जिस पर पुलिस शहपुरा थाना प्रभारी पुलिस प्रशासन का अमला साथ में रहा व शहपुरा तहसीलदार ने धर्म गुरुओं के साथ मीटिंग कर के धार्मिक स्थलों मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च आदि से लाउड स्पीकर हटाने व विधिवत अनुमति लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने की सलाह दी है। इस बीच थाना प्रभारी शिवलाल मरकाम व शहपुरा तहसीलदार पुष्पेंद्र पेंद्रो शासन के निर्देश अनुसार मुस्लिम भाइयों ने शासन के आदेश का सम्मान करते हुए ध्वनि प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभाव को कम करने के लिए स्वेच्छा से मस्जिद से लाउड स्पीकर को निकाला गया। मस्जिद शहपुरा के मिलकर मुस्लिम भाइयों ने जुमा की नमाज से पहले मस्जिद के बाहर लगे चार चुंगों को हटाकर शासन के निर्देश का स्वागत किया। इसके साथ ही शिव शक्ति चैक मोहल्ला में शिव मंदिर में लगा लाउड स्पीकर भी स्वेच्छा से उतार दिए हैं श्री राम मंदिर बाजार चैक शहपुरा व प्राचीन मडिया तालाब के उतरवाए गए ध्वनि विस्तारक यंत्र।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केंद्रित : नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। विकसित भारत संकल्प यात्रा की नोडल अधिकारी (डायरेक्टर आफ स्टील) श्रीमती नेहा वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केन्द्रित है। यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा का क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्धेश्य से "विकसित भारत संकल्प यात्रा" संचालित की जा रही है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्धेश्य है। 26 जनवरी 2024 को यात्रा का समापन गणतंत्र दिवस पर होगा।

अधिकारी-कर्मचारी व्यक्तिगत रूचि लेकर यात्रा में शामिल हों और यात्रा के उद्धेश्य के अनुरूप सभी वंचित और पात्र व्यक्तियों तक यात्रा के लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। श्रीमती वर्मा ने कहा कि यात्रा में स्कूली बच्चों, महिलाओं, स्व-सहायता समूहों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाशक्ति और किसानों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन आंदोलन का रूप दें, जिससे जन जन तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। बैठक में वन अधिकार के तहत बांटे जाने वाले पट्टे की समीक्षा की गई।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा बैठक संपन्न हुई

कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़ा जा रहा है, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, हितलाभ में बेहतर काम हो रहे है। वन अधिकार के तहत पट्टे भी बांटे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य आजीविका मिशन की महिला स्व सहायता समूह की लगभग 500 महिलाएं एक कलर की साड़ी पहनकर नगर के चिह्नित जगहों पर नगर वासियों को संबोधित कर अपना परिचय देंगी। इनके साथ समाज में विशेष काम करने वाली जिले की श्रीमती रेखा पंद्राम, लक्ष्मी अहिरवार, और श्रीमती उजियारो बाई मौजूद रहेंगी। सभी को दीदी कैफे परिसर में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा" के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, उज्जवला योजना, किसान/पशुपालक मछुआरों के लिए क्रेडिट कार्ड के आवेदन लेने और बैंकों से समन्वय के स्टॉल लगाये जा रहे हैं। इसके साथ ही आधार कार्ड में जानकारी अपडेशन, राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण और बंटवारा, कृषि, स्व-सहायता समूहों, पेंशन योजनाओं, आदिवासी विकास से संबंधित योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, क्रिसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल- जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र से संबंधित गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है।शहरी क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वल योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टेंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना शहरी, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, आरसीएस योजना और खेलो इंडिया से संबंधित योजनाएं व गतिविधियाँ शामिल हैं। यात्रा के लिए जिला, जनपद और पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी तथा वाहन प्रभारी की नियुक्ति की गई है। इसके साथ की पंचायत स्तर पर स्वागत समिति और उत्सव समिति का गठन भी किया गया है। बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योतिप्रकाश धुर्वे, पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा, डीएफओ साहिल गर्ग, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री विमलेश सिंह, राजेंद्र पाठक विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला क्रियान्वयन समिति जिला डिंडौरी, सदस्य रेल्वे उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल नागपुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

लोकसेवा केंद्र के सामने विस्थापित नहीं की जाए मांस मछली की दुकानें

हरिभूमि न्यूज बजाग। खुले में मांस मछली के विक्रय में रोक लगाने हेतु प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध हैं नए मुखिया के सख्त निर्देश के बाद नगर के बाजार में संचालित मांस मछली की दुकानों को हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई हैं उक्ताश्य के आदेश प्राप्त होने पर प्रशासन ने पूर्व में स्थित इन दुकानों को हटाकर किसी दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने के लिए स्थानीय ग्राम पंचायत को मांस विक्रेताओं की दुकानों के विस्थापन की जवाबदारी सौपी हैं जिसको लेकर ग्राम पंचायत के द्वारा बिजोरा रोड के समीप स्थित नए लोक सेवा केन्द्र के सामने की भूमि पर दुकानदारों को अस्थाई दुकानें आवंटित करने के लिए इस स्थान की साफ सफाई कराने का कार्य किया जा रहा हैं ग्राम पंचायत द्वारा मांस विक्रेता दुकानदारों के इस स्थान पर स्थापन को लेकर लोकसेवा केंद्र, आगंनवाड़ी केंद्र रैयत और तेजस्वनी महासंघ में कार्यरत कर्मियों और आसपास निवास कर रहे परिवारों ने आपत्ति जताते हुए ग्राम पंचायत द्वारा उक्त दुकानदारों को बसाने के लिए उक्त भूमि पर कराए जा रहे साफ सफाई के कार्य को रोकने हेतु अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार व थाना प्रभारी बजाग को आवेदन पत्र दिया है गौरतलब है की जिस जगह पर मांस विक्रेता दुकानदारों हेतु ग्राम पंचायत जमीन तलाश रही हैं वह स्थान कई दृष्टिकोण से उपयुक्त नहीं है वजह यह है की यहां कई शासकीय भवन संचालित हो रहे है प्रस्तावित दुकानों के आसपास सबसे नजदीक लोक सेवा केन्द्र तो दूसरी तरफ नौनिहाल बच्चो का आंगनवाड़ी केंद्र और फिर एक ओर मंगलभवन में स्वसहायता समूह तेजस्वनी विकास समिति महासंघ द्वारा कुटीर उद्योग का संचालन किया जा रहा है लोकसेवा केंद्र में प्रतिदिन शासकीय कार्य हेतु आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने हर वर्ग के लोगो का आना जाना बना रहता हैं वही आंगनवाड़ी में छोटे बच्चो का स्कूल लगता है इन्ही आंगनबाड़ी के नौनिहालों के लिए बगल में स्थित कुटीर उद्योग में कोदो कुटकी से निर्मित पोषण उक्त बर्फी का निर्माण किया जाता हैं दिए गए आवेदन में उल्लेखित किया गया है की शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्थानों के नजदीक मांस की दुकान खोले जाने से यहां पर आने वाले आमजनो पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा तथा कार्यालय के कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता हैं (

लायसेंस के बिना मांस एवं मछली का विक्रय बंद

उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही के लिए दल गठित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बुधवार को कलेक्टर द्वारा आदेश जारी करते हुये निर्देश जारी किय गये । जिसमे उल्लेख किया गया है कि बिना लायसेंस के मांस का विक्रय नही किया जा सकेगा । नियमों को उल्लंघन करने पर कार्रवाई हेतु दल गठित किया गया है । खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पशु मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 एवं 269 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) के बिना पशु मांस तथा मछली के विक्रय नहीं किये जाने का प्रावधान है।

नियमों का करना होगा पालन

आदेश मे बताया गया है कि नगरीय निकायों के अनुमति पत्र प्राप्त किये बिना अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए खुले या निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त पशु मांस तथा मछली विक्रय किये जाने के संबंध में प्रावधानों के अंतर्गत नगरीय निकायों द्वारा प्रभावी कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण नगरीय क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर अवैध/ नियम विरूद्ध पशु मांस तथा मछली का विक्रय किया जा रहा है, जिससे आवारा श्वानों के वृद्धि तथा गंदगी फैलने की स्थिति निर्मित हो रही है। जिससे समस्यायें बड़ रही है उनकी रोकथाम के लिये कार्रवाई की जा रही है ।

बिना लायसेंस के नही होगा मांस का विक्रय

मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 एवं 269 के प्रावधानों के तहत कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने समस्त नगरीय निकाय को बिना अनुमति के अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए खुले में पशु मांस तथा मछली विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। ऐसे व्यक्ति जो अवैध अथवा नियम विरूद्ध बिना अनुमति पत्र के या लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पशु मांस अथवा मछली का विक्रय कर रहे हैं, उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए दलों का गठन किया गया है।

कार्रवाई हेतु दल गठित

नगरीय क्षेत्र नरसिंहपुर के लिए प्रभारी तहसीलदार नरसिंहपुर संजय कुमार मशराम, थाना प्रभारी नरसिंहपुर व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद नरसिंहपुर, नगरीय क्षेत्र करेली के लिए तहसीलदार करेली निर्मल पटले, थाना प्रभारी करेली व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद करेली, नगरीय क्षेत्र गाडरवारा के लिए तहसीलदार गाडरवारा सुश्री प्रियंका नेताम, थाना प्रभारी गाडरवारा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद गाडरवारा, नगरीय क्षेत्र गोटेगांव के लिए तहसीलदार गोटेगांव रोहित सिंह, थाना प्रभारी गोटेगांव व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद गोटेगांव, नगरीय क्षेत्र तेंदूखेड़ा के लिए तहसीलदार श्रीमती पारूल चौधरी, थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद तेंदूखेड़ा, नगरीय क्षेत्र चीचली के लिए नायब तहसीलदार सुश्री अनु जैन, थाना प्रभारी चीचली व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद चीचली, नगरीय क्षेत्र सांईखेड़ा के लिए तहसीलदार आकाश डहारे, थाना प्रभारी सांईखेड़ा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सांईखेड़ा और नगरीय क्षेत्र सालीचौका के लिए नायब तहसीलदार सुश्री अनु जैन, थाना प्रभारी सालीचौका व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सालीचौका को दल में शामिल किया गया है।

खबर संक्षेप

कराते चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन

नरसिंहपुर। छिन्दवाड़ा में टैलेंट राइजिंग वर्ल्ड स्कूल खजरी रोड में 16, 17 दिसंबर को आयोजित राज्य स्तरीय कराते चैम्पियनशिप में जीएस शोतोकान कराते डू एसोसिएशन ऑफ इंडिया, नरसिंहपुर की कराते टीम ने जनरल सेक्रेटरी एवं कोच शिहान ब्रजेश घारू एवं टीम मैनेजर अदिति घारू के नेतृत्व में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रांज मेडल प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कुमिते (फाइट) वर्ग में अपने भार वर्ग 42 किग्रा में गोल्ड उदय उरई, 45 किग्रा में गोल्ड वंश पटवा, 78 किग्रा में गोल्ड मंगलम लोधी, 45 किग्रा में गोल्ड प्रिंसका लोधी, 55 किग्रा में गोल्ड मायामणि लोधी, 40 किग्रा में गोल्ड महक मेहरा, +68 किग्रा में गोल्ड महिमा लोधी, 70 किग्रा में गोल्ड में तन्मय सोनी ने मेडल प्राप्त किया।

जिला भाजपा मे विभिन्न कार्यक्रम पदाधिकारी नियुक्त

नरसिंहपुर। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व की मंशानुरूप जिला भाजपा अध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा ने आगामी कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए नियुक्तियॉ की है जो इस प्रकार है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला संयोजक डॉ. हरगोविंद पटैल जिला महामंत्री, सहसंयोजक विनीत नेमा जिला उपाध्यक्ष, राजेश तिवारी जिला मंत्री, अभिषेक रघुवंशी जिला महामंत्री युवा मोर्चा, सुशासन दिवस 25 दिसम्बर - जिला संयोजक विनीत नेमा जिला उपाध्यक्ष, सहसंयोजक हरिशंकर कुशवाहा व वीना ओसवाल जिला मंत्री भाजपा वीर बाल दिवस 26 दिसम्बर - जिला संयोजक अमितेन्द्र नारोलिया, सहसंयोजक विजित सलूजा जिला प्रकोष्ठ जिला संयोजक गाडरवारा, यह सभी कार्यक्रम प्रत्येक मण्डल के बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं की सहभागिता से मनाये जावेगे। उक्ताशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा द्वारा दी गई।

मार्ग परिवर्तित किये जाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

तेंदूखेड़ा- विगत दिनों तेंदूखेड़ा नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 11 के वाशिंदों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को एक ज्ञापन सौंपकर तेंदूखेड़ा से सहजपुर होकर सागर जिले को जाने वाले सड़क मार्ग निर्माण को मेप के अनुसार निर्धारित स्थान से बनाये जाने की मांग की है। पूर्व में एम पी आर डी सी के द्वारा जो सर्वे किया था और नक्शे रिकार्ड में जो सड़क तय की गई थी अब सड़क वहां से नहीं बन रही है। यहां के वाशिंदे लंबे समय से इस विषय को अपने स्तर से अधिकारियों के सामने रखते रहे हैं। सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यह सड़क मार्ग जहां से रिकार्ड में दर्ज किया गया है वहीं से ही सड़क मार्ग निर्माण होना चाहिए।इस मार्ग निर्माण को लेकर काफी लंबे समय से लोगों द्वारा इंतजार किया जा रहा है।मार्ग बनने से सागर गाडरवारा तक आवागमन में सुलभता के साथ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों का विकास संभव हो सकेगा।

'खुले आम ढुल रहीं सिल्लियां'

तेंदूखेड़ा- इन दिनों तेंदूखेड़ा के विभिन्न वार्डों में सागौन की सिल्लियां खुले आम ढुलती हुई देखी सुनी जा सकती है। पूर्व में भी नगर के वार्ड क्रमांक 08 में बड़ी संख्या में सिल्लियां आने संबंधी जानकारी वन अधिकारियों को दी गई थी। वन अधिकारियों द्वारा कार्यवाही के चलते सिल्लियां जब्त भी की थीं। कुछ समय बंद होने के बाद अब पुनः सिल्लियां रात के अंधेरे में आने लगी है।

खरीदी केन्द्रों एवं खाद वितरण केन्द्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बुधवार को करेली बस्ती में धान उपार्जन के लिए बनाये गये वेयर हाऊस एवं डबल लॉक केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने गुरूकृपा वेयर हाऊस बटेसरा, अनाया वेयर हाऊस चिर्रिया एवं कौंड़यि वेयर हाऊस में किये जा रहे उपार्जन कार्यों का अवलोकन किया। यहां मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा विक्रय के लिए लाये जा रहे धान एफएक्यू मापदंड के अनुरूप हो। नॉन एफएक्यू धान की खरीदी नहीं की जाये। उन्होंने बारदाने की उपलब्धता, तौलकांटों की स्थिति, किसानों के पंजीयन, स्लाट बुकिंग एवं धान की तौल एवं उठाव की भी जानकारी ली। कलेक्टर सुश्री बाफना ने निर्देश देते हुए कहा कि किसानों से धान खरीदी के पश्चात बारदानों में व्यवस्थित रूप से स्टेक बनाकर रखा जाये और परिवहन किया जाये। क्वालिटी सर्वेयर द्वारा रिजेक्ट किये गये सेम्पल की भी जानकारी निरीक्षण के दौरान ली। डबल लॉक केन्द्र करेली में उन्होंने किसानों से चर्चा करते हुए खाद वितरण की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिले में खाद वितरण के कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित कंट्रोल स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का टेलीफोन नम्बर 07792181 है। कॉल सेंटर के माध्यम से घर बैठे टोकन प्राप्त करने की प्रणाली अतिरिक्त व्यवस्था है। इसके अलावा खाद वितरण केन्द्र से ऑफ लाइन भी खाद प्राप्त किया जा सकता है। वर्तमान में जिले में उर्वरक एंव खाद का पर्याप्त भंडार है। अनाया वेयर हाऊस चिर्रिया में निरीक्षण के दौरान पाया कि बारदानों पर टैग सही तरीके से नहीं लगे हैं और ना ही बारदानों पर छपाई का कार्य व्यवस्थित ढंग से किया गया है। इस पर उन्होंने खरीदी समिति को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। वेयर हाऊस पर उन्होंने अपने समक्ष बारदानों की तौल भी करवाकर देखी।

67 वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

दस संभागों के दस बालक वर्ग एवं दस बालिका वर्ग की टीम लेगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

67 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट 17 वर्ष बालक- बालिका प्रतियोगिता- 2023 का स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में प्रतियोगिता ध्वज फहराकर शुभारंभ किया। इस दौरान बैंड धुन के साथ सभी संभागों की बालक- बालिका वर्ग द्वारा मार्च पास्ट एवं एमएलबी स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता का शुभारंभ कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, पूर्व विधायक जालम सिंह पटैल, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के पर्यवेक्षक शैलेश शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने सभी खिलाड़ियों को जीत- हार से ऊपर सकारात्मक सोच और ऊर्जा के साथ खेल भावना से खेलने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 67 वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। सभी संभागों के कोच द्वारा परिचय दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जबलपुर संभाग की क्रिकेट खिलाड़ी आर्या ने सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री एवं आभार सहायक नोडल अधिकारी, योजना अधिकारी ने किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी- कर्मचारी, संभाग, जिले के आफिशियल्स, व्यायाम शिक्षक और खिलाड़ी मौजूद थे। राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 25 दिसम्बर 2023 तक किया जायेगा। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के समुचित सुचारू रूप से संचालन के लिए बालक एवं बालिका वर्ग हेतु आयोजन, अपील ऑफ ज्यूरी समिति, प्रत्येक खेल मैदान के लिए बालक- बालिका वर्ग में प्रभारी की नियुक्ति, समस्त खेल मैदान की क्रीड़ांगन व्यवस्था समिति, आवास व्यवस्था, चिकित्सा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार समिति, समस्त क्रिकेट मैदान आवास व्यवस्था में साफ- सफाई, शुद्ध पेयजल, आगंतुक, कंट्रोल रूम और अन्य व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन के लिए दायित्व सौंपे गये हैं। क्रिकेट प्रतियोगिता में निर्धारित 15 ओवर में बालक वर्ग के लीग मैच में ग्वालियर संभाग ने इंदौर संभाग को 65 रन से हराया। जनजातीय विभाग ने नर्मदापुरम संभाग को सुपर ओवर में शिकस्त दी एवं बालिका वर्ग में इंदौर संभाग ने उज्जैन संभाग को हराया। 21 दिसंबर को बालिका वर्ग पूल अ के मुकाबले सुबह 9 बजे से इन्दौर संभाग का सागर संभाग के मध्य, भोपाल संभाग का उज्जैन संभाग के मध्य खेला जाएगा। दोपहर एक बजे से इन्दौर संभाग का नर्मदापुरम के मध्य निर्धारित मैदान पर मैच खेले जाएंगे।

स्टेशनगंज थाना पुलिस ने कोटवारों के साथ बैठक कर दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की अभिनव पहल, अपराधों पर अंकुश लगाने में कोटवारों का सहयोग लिया जावे । इस आदेश के साथ थाना स्टेनशनगंज क्षेत्र के कोटवारों की बैठक आयोजित कर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का सहयोग करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न अभियान चलाए जा रहे है। इसी क्रम में अभिनव पहल करते हुये जिले में संपत्ति संबंधी एवं अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की धरपकड में कोटवारों का सहयोग लेने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि कोटवारों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश देवें एवं अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ में उनका सहयोग प्राप्त करें। निर्देशों के पालन में जिले थाना प्रभारी स्टेशनगंज सहदेव राम साहू द्वारा उनके क्षेत्र के कोटवारो के साथ बैठक आयोजित कर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक सिखलाई दी गयी। आयोजित बैठक में कोटवारों का निर्देशित किया गया कि रात्रि गस्त के दौरान पुलिस का सहयोग करे एवं गांव में बाहर से आने वाले मुसाफिरों की जानकारी खैरियत रजिस्टर में दर्ज कर थाने में प्रस्तुत करे ताकि उनका चरित्र सत्यापन कराया जा सके साथ घुमक्कड किस्म के व्यक्तियों व संदिग्ध व्यक्तियों की पूरी जानकारी पुलिस तक समय रहते पहुंचाने को कहा साथ ही साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए आवश्यक जानकारी दी। प्रतिदिन थाने में आकर अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराने व गांव की समस्या से अवगत कराने के निर्देश दिये गये है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की निर्देश पर प्रत्येक थाना स्तर पर कोटवारों के साथ बैठक आयोजित करने हेतु निर्देश दिये गये है एवं उनका सहयोग गांव में होने वाली घटना- दुर्घटना व असामाजिक तत्वों के बारे में जानकारी एकत्रित करने में कोटवारों का साहयोग लेने हेतु कहा गया है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगायी जा सके।

कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्यायें

नरसिंहपुर। विगत दिवस कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना को अपनी समस्यायें बताई और लोगों ने आवेदन दिये। कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनसुनवाई में 80 आवेदन प्राप्त हुये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। ग्राम रामपिपरिया की रेखा बाई लोधी ने आवेदन देकर कलेक्टर को बताया कि उनके पति राजू सिंह लोधी की मृत्यु पानी की मोटर की शिफ्ट बदलते समय बिजली का करेंट लग जाने पर उनकी मृत्यु हो गई है। उन्होंने अंत्येष्टि अनुदान सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर सुश्री बाफना ने आवेदन पर कार्रवाई करते हुए तत्काल रेखा बाई लोधी को 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की।

कल दिलाई जावेगी सुशासन दिवस की शपथ

नरसिंहपुर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। रविवार 24 दिसम्बर एवं शनिवार 23 दिसम्बर को शासकीय अवकाश होने से 22 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ दिलाई जायेगी। शासकीय अधिकारी- कर्मचारी अपने- अपने कार्यालयों में 22 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे सुशासन की शपथ लेंगे। इस संबंध में जिले के सभी विभागों के जिला प्रमुख को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बुधवार को कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र पनारी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोहानी पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उप स्वास्थ्य केन्द्र पनारी में उन्होंने ओपीडी, प्रतिमाह होने वाले प्रसवों, दवाईयों की उपलब्धता, टीबी सैम्पलिंग, सीबीसी, बायोमेडिकल वेस्ट, हाई रिस्क एनीमिक महिलाओं की जानकारी ली। यहां मौजूद स्टाफ को उन्होंने निर्देशित किया कि केन्द्र में उपलब्ध दवाईयां फस्ट इन- फस्ट आऊट के आधार पर वितरित की जाये। हाई रिस्क एनीमिक महिलाओं की रेगुलर मॉनीटरिंग की जाये। इसके लिए होम विजिट भी किया जाये। उप स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी की संख्या भी बढ़ाई जाये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोहानी के परिसर में हर्बल गार्डन, पार्किंग, मरीजों के परिजनों के बैठने की व्यवस्था आदि व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिये। उन्होंने यहां की जाने वाली जांच, प्रसव कक्ष, मरीजों एवं उनके परिजनों से भी चर्चा की और उन्हें प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जाना। बीएमओ को निर्देशित करते हुए स्वास्थ्य केन्द्र में सीसीटीव्ही सतत रूप से संचालित करने के लिए कहा। इसके पश्चात परिसर में कलेक्टर सुश्री बाफना ने पौधरोपण भी किया।

कार्यालय सचिव मेला समिति बरमान मेला 2024

क्रमांक / 5146 / बरमान मेला /202 चांवरपाठा / दिनांक 20/12/2023

// सीमित निविदा //

माँ नर्मदा के तट पर मकर संक्राति पर्व पर जनवरी 2024 में आयोजित ब्रम्हाण्डघाट (बरमान) मेला दि. 12.01.2024 से 30.01.2024 तक आयोजित होना है, में निम्नलिखित कार्यो के लिए मोहरबन्द निविदायें ठेकेदारों / एजेन्सियों व इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक 02.01.2024 को समय दोपहर 02 :00 बजे तक सचिव मेला समिति बरमानखुर्द एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चांवरपाठा के कार्यालय में आमंत्रित किये जाते है :-

1. मेलास्थल बरमानखुर्द की साफ-सफाई कार्यो का प्रबंध (अधिकतम राशि 1,20,000)
2. मेलास्थल अस्थाई रोड़ निर्माण एवं समतलीकरण कार्य (अधिकतम राशि 1,00000)
3. मेलास्थल टेन्ट व्यवस्था (अधिकतम राशि 1,40,000)
4. मेलास्थल बरमानखुर्द में बिजली व्यवस्था (अधिकतम राशि 1,90,000)
5. मेलास्थल बरमानखुर्द रेतघाट पर अस्थाई शौचालयों का निर्माण व प्रबंध (अधिकतम राशि 1,40,000)
6. मेले के दौरान वाहन स्टेण्ड पार्किंग व्यवस्था का प्रबंध (न्यूनतम राशि 90,000)
7. मेलास्थल सी. सी. टी. व्ही कैमरा (40 कैमरा 5एम.पी.) सैट-अप हेतु निविदा (अधिकतम राशि 90,000)
8. मेलास्थल भोजन व्यवस्था हेतु
9. बरमान मेला वर्ष 2024 हेतु प्रिंटिंग कार्य व्यवस्था

उक्त टैण्डर दिनांक 02.01.2024 को समय दोपहर 03 :00 बजे सचिव मेला समिति बरमानखुर्द एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चांवरपाठा के कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग गाडरवारा एवं नोडल अधिकारी मेला समिति बरमानखुर्द की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा फार्म, प्रत्येक मद का ब्यौरा व शर्तें इत्यादि की जानकारी कार्यालय जनपद पंचायत चांवरपाठा सोमवार से शुक्रवार कार्यालयीन समय में देखी/ प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि नगद के अतिरिक्त निविदा फार्म की शुल्क राशि 1000/- रुपये नगद जमा कर प्राप्त कर सकते है ।

सचिव
मेला समिति बरमानखुर्द
एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत चांवरपाठा